रहम मांगता हूँ करम मांगता हूँ कन्हैया मैं तेरी शरण मांगता हूँ

रहम मांगता हूँ करम मांगता हूँ,
कन्हैया मैं तेरी शरण मांगता हूँ।bd।

गरीबों का दाता तू दौलत अदा कर,
तू बीमार निर्बल को सेहत अता कर,
बीमारों की तुझसे मरहम मांगता हूँ,
कन्हैया मैं तेरी शरण मांगता हूँ।bd।

जो बेघर हैं उनको मिले आशियाना,
भटके हुओ को तू दे दे ठिकाना,
गुज़ारिश है तुझसे अमन मांगता हूँ,
कन्हैया मैं तेरी शरण मांगता हूँ।bd।

वतन से तू वहशी दरिंदे सफा कर,
लुटेरे हैं कातिल जो पापी फना कर,
जला दे जो वेह्शत अगन मानता हूँ,
कन्हैया मैं तेरी शरण मांगता हूँ।bd।

तेरी बंदगी में लगाए तू रखना,
रेहमत का आँचल बनाये तू रखना,
भजन में तुम्हारे मगन मांगता हूँ,
कन्हैया मैं तेरी शरण मांगता हूँ।bd।

मुझे दुर्गुणों से बचाये तू रखना,
चलूँ नेक राहें चलाये तू रखना,
ये बस तुझसे चलन मांगता हूँ,
कन्हैया मैं तेरी शरण मांगता हूँ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

रहम मांगता हूँ करम मांगता हूँ,
कन्हैया मैं तेरी शरण मांगता हूँ।bd।

Singer – Dheerendra Gupta

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com